सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की मासिक पत्रिका

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

आज़ादी का अमृत महोत्सव

G20
भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

अंक : 589 वर्ष 44 राँची, फरवरी, 2023

# अपनी बात






# सीसीएल में समीक्षा बैठक का आयोजन

## माननीय कोयला मंत्री ने किया एग्जीक्यूटिव हॉस्टल एवं सिक्यूरिटी बैरक का उद्घाटन





समीक्षा बैठक करते माननीय केन्द्रीय कोयला मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी, अपर सचिव, कोयला मंत्रालय, भारत सरकार, श्रीमती विस्मिता तेज, सीएमडी, सीसीएल, श्री पी.एम. प्रसाद, सीएमडी, सीएमपीडीआई, श्री मनोज कुमार, सीएमडी, ईसीएल, श्री ए.पी. पांडा, निदेशक (वित्त), सीसीएल, श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक), सीसीएल, श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (कार्मिक), ईसीएल, श्री आहूति स्वायन एवं अन्य गणमान्य

दिनांक 17 फरवरी को मुख्यालय, राँची में माननीय केन्द्रीय कोयला मंत्री, श्री प्रल्हाद जोशी ने सीसीएल एवं सीएमपीडीआई के कार्य निष्पादन की समीक्षा बैठक किया। बैठक में अपर सचिव, कोयला मंत्रालय, भारत सरकार, श्रीमती विस्मिता तेज, सीएमडी, सीसीएल, श्री पी.एम. प्रसाद, सीएमडी, सीएमपीडीआई, श्री मनोज कुमार, सीएमडी, ईसीएल, श्री ए.पी. पांडा, निदेशक (वित्त), सीसीएल, श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक), सीसीएल, श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (कार्मिक), ईसीएल, श्री आहूति स्वायन एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

माननीय मंत्री महोदय ने सीसीएल एवं कोल इंडिया के अनुषंगी कंपनियों के वित्तीय वर्ष के लक्ष्य को प्राप्त करने पर बल दिया। श्री जोशी ने कंपनी के कार्य–निष्पादन, चुनौतियों एवं उनके निवारण हेतु विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा किया और मंत्रालय की पूरे सहयोग का आश्वासन दिया और कहा कि देश की उर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के दृष्टिकोण से कोयला एक प्रमुख संसाधन है तथा देश की ऊर्जा आवश्यकता पूर्ति के लिए निर्बाध रूप से कोयले के उत्पादन की आवश्यकता है।

इससे पूर्व सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद ने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से कंपनी के कोयला उत्पादन, प्रेषण, ओ.बी. रिमुवल, कोयला स्टॉक, पर्यावरण, वाशरी सहित कानून व्यवस्था एवं अन्य चुनौतियों से मंत्री महोदय को अवगत कराया।

### माननीय कोयला मंत्री ने एग्जीक्यूटिव हॉस्टल एवं सिक्यूरिटी बैरक का किया उद्घाटन

दिनांक 17 फरवरी को सीसीएल, गांधीनगर कॉलोनी, कांके रोड, राँची में एग्जीक्यूटिव हॉस्टल एवं सिक्यूरिटी बैरक का उद्घाटन माननीय कोयला मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी परम्परागत रूप से फिता काटकर किया। इस अवसर पर माननीय संसद सदस्य, राँची, श्री संजय सेठ, माननीय विधायक, राँची, श्री सी.पी. सिंह, माननीय विधायक, कांके, श्री समरी लाल सहित अपर सचिव, कोयला मंत्रालय, भारत सरकार, श्रीमती विस्मिता तेज, सीएमडी, सीसीएल, श्री पी.एम. प्रसाद, निदेशक (वित्त), सीसीएल, श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक), सीसीएल, श्री हर्ष नाथ मिश्र, सीवीओ, श्री पंकज कुमार एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

ज्ञातव्य हो कि नवनिर्मित एग्जीक्यूटिव हॉस्टल में 16 डबल बेड सहित आठ कमरा है जिसमें 40 लोग रह सकते हैं। नवनिर्मित हॉस्टल आधुनिक संसाधन जैसे टीवी, प्ले रूम आदि से सुस्सज्जित है। इसी तरह सिक्यूरिटी बैरक को अत्याधुनिक बनाया गया है जिसमें 90 जवान रह सकते हैं।



फीता काटकर एग्जीक्यूटिव हॉस्टल एवं सिक्यूरिटी बैरक का उद्घाटन करते माननीय कोयला मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी साथ में अपर सचिव, कोयला मंत्रालय, भारत सरकार श्रीमती विस्मिता तेज, सीएमडी, सीसीएल श्री पी. एम. प्रसाद एवं अन्य गणमान्य

# सीसीएल में भूमि एवं राजस्व संबंधित 'कार्यशाला' आयोजित

विगत 08 फरवरी को सीसीएल मुख्यालय, राँची में 'कार्याशाला' का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता सीसीएल के सीएमडी, श्री पीएम प्रसाद ने किया। इस अवसर पर निदेशक तकनीकी (संचालन), श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (कार्मिक), श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना), श्री बी साईंराम, महाप्रबंधक (एचआरडी), श्री पार्थो भट्टाचार्यजी, महाप्रबंधक (भूमि एवं राजस्व), श्री कृष्णा झा सहित विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्यालय एवं सभी क्षेत्रों के भूमि एवं राजस्व और सामुदायिक विकास से संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया।



कार्यशाला के दौरान संबोधित करते सीएमडी, सीसीएल श्री पी. एम. प्रसाद

कार्यशाला में "कोल इंडिया लिमिटेड के 1 बिलियन टन उत्पादन लक्ष्य में सीसीएल के योगदान में सामुदायिक विकास और भूमि एवं राजस्व अधिकारियों की भूमिका" विषय पर विस्तार से चर्चा किया गया।

सीएमडी, श्री पी.एम प्रसाद ने अपने संबोधन में कोयला उत्पादन में भूमि अधिग्रहण के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि कोल इंडिया ने 2025–26 तक एक बिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया है जिसमें सीसीएल की 135 मिलियन टन की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। उन्होंने कहा कि भविष्य में कोयले की अधिक उत्पादन के लिए वर्तमान में निर्बाध रूप से भू–अधिग्रहण की आवश्यकता है और इस दिशा में राज्य सरकार एवं ग्रामीणों का सहयोग महत्वपूर्ण है।

निदेशक तकनीकी (संचालन), श्री राम बाबू प्रसाद ने कहा कि सीसीएल का उद्देश्य देश की उर्जा आवश्यकता को पूरा करना है। देश की ऊर्जा आवश्यकता पूर्ति के लिए और अधिक भूमि की आवश्यकता है इसलिए भूमि एवं राजस्व विभाग की जिम्मेवारी और बढ़ जाती है। उन्होंने प्रतिभागियों को आम लोगों के प्रति संवेदनशील होने का मंत्र दिया।

निदेशक (कार्मिक), श्री हर्ष नाथ मिश्रा ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुये कहा कि आपको अपने प्रयासों से हितधारकों का विश्वास जीतना होगा। हितधारकों से परस्पर संवाद की सलाह देते हुए कहा कि सामाजिक स्वीकार्यता कंपनी की सफलता की अनिवार्य शर्त है।


कार्यशाला का एक दृश्य

निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना), श्री बी. साईंराम ने नवनियुक्त प्रबंधन प्रशिक्षुओं का स्वागत करते हुए उन्हें कोल इंडिया के गौरवशाली विरासत से परिचित कराया। प्रतिभागियों से बातचीत करते हुए श्री बी साईं राम ने निगमित सामाजिक दायित्व विषय पर विस्तार से चर्चा की।

कार्यशाला में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से उपरोक्त विषय संबंधी सूचनाओं को साझा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एचआरडी तथा भूमि एवं राजस्व विभाग के कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सीसीएल द्वारा 28 लोगों को नियुक्ति पत्र

सेंट्रल कोलफील्ड्स,राँची ने हितधारकों और कर्मियों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी द्वारा लंबित मामलों का त्वरित निपटारा कर संबंधित व्यक्तियों को रोजगार प्रदान किया गया।

11 फरवरी को झारखंड हाई कोर्ट लीगल कमेटी के तत्वाधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। उच्च न्यायालय राँची में आयोजित इस राष्ट्रीय लोक अदालत में उच्च न्यायालय में विचाराधीन सीसीएल के 11 मामलों की सुनवाई की गई तथा दोनों पक्षों की आपसी सहमति से सभी मामलों का निपटारा किया गया। इसके उपरांत न्यायमूर्ति सुजीत नारायण, न्यायमूर्ति अनुभा रावत चौधरी, न्यायमूर्ति संजय कुमार द्विवेदी तथा न्यायमूर्ति आनंद सेन द्वारा 28 लोगों को अनुकंपा नियुक्ति पत्र प्रदान की गई।

इस अवसर पर सीसीएल के महाप्रबंधक (लीगल) श्री पी भट्टाचार्जी, श्री वीपी जोबी, श्री विजय कुमार, श्री रवि कुमार, श्री एम प्रताप, श्री राजू कुमार जयसवाल तथा क्षेत्रों के अन्य अधिकारीगण भी मौजूद थे।

# सीसीएल द्वारा निःशुल्क ग्रामीण स्वास्थ्य शिविर का आयोजन




ग्रामीण स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित सीसीएल के चिकित्सकगण एवं पारामेडिकल स्टाफ

दिनांक 03 फरवरी को राँची के हाथीगोंडा में सीसीएल द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत 'ग्रामीण स्वास्थ्य शिविर' का आयोजन किया गया। इस शिविर में 150 ग्रामीणों के हाइपरटेंशन तथा मधुमेह की निःशुल्क जांच की गई।

ज्ञातव्य हो कि सीसीएल सीएमडी श्री पी. एम. प्रसाद के कुशल निर्देशन में अपने हितधारकों के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के निदान हेतु समय–समय पर ऐसे शिविरों का आयोजन करती रहती है। इससे सीसीएल के कमांड क्षेत्रों और आस–पास के ग्रामीणों को काफी लाभ होता है। सीसीएल के इस प्रयास को ग्रामीणों द्वारा खूब सराहा गया।

इस अवसर पर डॉ. सुमन सिंह, डॉ. अरूणा हेंब्रोम, डॉ. अनिता होरो, डॉ. रजनी दीपा कुजूर तथा डॉ.नीलू कुमारी सहित गांधीनगर अस्पताल के अन्य चिकित्सक एवं पारा मेडिकल स्टाफ उपस्थित थे।

# आशा किरण बारला ने पांचवी यूथ नेशनल गेम्स में 1500 मीटर में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा

## कोच आशु भाटिया ने बताया कि इस शानदार प्रदर्शन के पीछे सीसीएल का बहुत बड़ा योगदान रहा है

दिनांक 03 फरवरी को भोपाल में चल रही यूथ नेशनल गेम्स में आशा किरण बारला ने 1500 मीटर में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर गोल्ड मेडल हासिल किया। यह ज्ञात हो कि 1500 मीटर दौड़ में आशा का पहला नेशनल मेडल है।

गुमला जिले के कामडारा प्रखंड अंतर्गत नावाडीह गांव की रहने वाली आशा किरण बारला खेलो इंडिया समेत कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुकी है। आशा किरण बारला के कोच आशु भाटिया ने बताया कि इस शानदार प्रदर्शन के पीछे सीसीएल का बहुत बड़ा योगदान रहा है और उम्मीद है कि भविष्य में भी इसी तरह योगदान मिलता रहेगा। उन्होंने कहा कि आशा किरण बारला 2024 ओलंपिक की तैयारी में जुटी है और मुझे पूरा विश्वास है की आने वाले समय में ओलंपिक क्वालीफाई जरूर करेगी और झारखंड सहित देश का नाम रोशन करेगी।




आशा किरण बारला

रेस शुरू होने से पहले झारखण्ड स्तिथ सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के सीएमडी श्री पी एम प्रसाद ने फोन पर आशा किरन बारला से बात की और झारखण्ड के धावक का मनोबल बढ़ाया और उन्हें गोल्ड मेडल जीतने के लिए प्रोत्साहित किया।

यह ज्ञात हो कि एशियन एथलेटिक्स संघ की ओर से कुवैत में आयोजित चौथी एशियन यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में झारखंड की आशा किरण बारला ने भारत को स्वर्ण पदक दिलाया था।

# बेहतर चिकित्सा सेवा के लिए तत्पर केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर

## आयुष्मान कार्डधारक परिवार भी करा सकेंगे नि:शुल्क इलाज

सीसीएल के खनन क्षेत्र के आस–पास रहने वाले वैसे गरीब परिवार जो कॉरपोरेट अस्पताल में अपना ईलाज कराने में समर्थ नहीं हैं, उन सभी के लिए सीसीएल के गांधीनगर अस्पताल में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत ईलाज प्रारंभ हो चुका है। राँची स्थित सीसीएल के केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर में चिकित्सकों द्वारा हर प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का उपचार किया जा रहा है। केंद्र सरकार द्वारा संचालित इस योजना के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को 5 लाख रूपये तक का स्वास्थ्य बीमा मुहैया कराया जाता है।

सीसीएल के गांधीनगर अस्पताल में रेफरल मरीजों का भी ईलाज किया जाता है। इसके अतिरिक्त सभी लोगों को नि:शुल्क आपातकालीन सेवाएं भी प्रदान की जाती है।

केंद्रीय अस्पताल गांधीनगर सीसीएल का शीर्ष अस्पताल है, लगभग 200 बेड के इस हॉस्पिटल में सभी प्रकार के विशेषज्ञ चिकित्सीय सेवाएं प्रदान की जाती है। यह अस्पताल न केवल सीसीएल कर्मियों और उनके आश्रितों का, बल्कि परियोजना प्रभावित क्षेत्रों के लोगों का भी उपचार करता है।

सीसीएल के सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत केंद्रीय अस्पताल, गांधीनगर द्वारा नियमित रूप से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है जिसमें नि:शुल्क परामर्श, जांच तथा जीवन रक्षक दवाई मुहैया कराई जाती है। ज्ञातव्य हो कि वर्तमान में अस्पताल द्वारा सुदूर क्षेत्रों के जरूरतमंद लोगों के लिए डिजिटल डिस्पेंसरी के तहत टेलीमेडिसिनल सेवाएं भी प्रदान की जा रही है।

# सीसीएल में पोस्ट रिटायरमेंट से संबंधित कार्यशाला का आयोजन

दिनांक 22 फरवरी को सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस, राँची में 'पोस्ट रिटायरमेंट' से संबंधित कार्याशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला सीसीएल के निदेशक (कार्मिक), श्री हर्ष नाथ मिश्र के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य कर्मियों को सेवानिवृति के बाद के जीवनपद्धति के बारे में जागरूक एवं प्रेरित करना है।

कार्यक्रम के प्रथम सत्र में बेहतर वित्तीय प्रबंधन के विभिन्न पहलूओं से सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को अवगत कराया गया। सत्र में विशेषकर निवेश, बैंक द्वारा जारी विभिन्न स्कीमों, ब्याज दरों तथा वरीय नागरिकों के बारे में चलाये जा रहे योजनाओं पर चर्चा किया गया।




कार्यशाला का एक दृश्य

कार्यक्रम के अंतिम सत्र में रांची विश्वविद्यालय के योग प्रशिक्षक श्री मनोज सोनी ने योग की भूमिका पर बल देते हुये सेवानिवृति के बाद योग को दैनिक जीवन के अंग के रूप में स्वीकार करने की बात कही। उन्होंने आत्मबोध साधना पर बल देते हुये कहा कि जीवन के लिए शारीरिक, मानसिक तथा आध्यात्मिक तीनों स्वास्थ्य समान रूप से जरूरी हैं।

कार्यक्रम में भाग ले रहे कार्यालय अधीक्षक, ए 1, श्री सुधीर कुमार रजक कार्यशाल के आयोजन के लिए बधाई देते हुये कहा कि कार्यक्रम में भाग लेने से स्वास्थ्य एवं योग से संबंधित और जानकारी प्राप्त हुई है। आज के सत्र में प्राप्त हुई जानकारी से भविष्य की आर्थिक योजना के बेहतर से बेहतर विकल्पों के चयन में मदद मिलेगी।

इस अवसर पर महाप्रबंधक (एचआरडी), श्री पार्थो भट्टाचार्यजी सहित के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष सहित जनवरी महिनें में सेवानिवृत होने वाले कर्मी उपस्थित थे। साथ ही सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों से भी अधिकारीगण वचुर्अल मोड से इस कार्यक्रम में भाग लिया।

# सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र ने किया विजुअल फील्ड एनालाइजर का उद्घाटन



विजुअल फील्ड एनालाइजर का उद्घाटन करते निदे. (का.) श्री हर्ष नाथ मिश्र

दिनांक 25 फरवरी को सीसीएल के केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर, कांके रोड, राँची में नेत्र विज्ञान विभाग (आई ओपीडी कॉम्प्लेक्स) में विजुअल फील्ड एनालाइजर का शुभारंभ किया गया जिसका उद्घाटन सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र ने किया।

इस अवसर पर निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र ने कहा कि सीसीएल कोयला उत्पादन के साथ–साथ सभी स्टेकहोल्डर्स के स्वास्थ्य के प्रति हमेशा संवेदनशील रहा है। इसी कड़ी में गांधीनगर अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर करने के उद्देश्य से उपरोक्त एनालाईजर का शुभारंभ किया जा रहा है।

इस विशेष अवसर पर गांधीनगर के चिकित्सकगण एवं पारामेडिकल स्टाफ एवं अन्य उपस्थित थे।

# सीसीएल में 'इलेक्ट्रीकल सेफ्टी इन माईन्स' पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित




'इलेक्ट्रीकल सेफ्टी इन माईन्स' कार्यशाला को सम्बोधित करते निदे. (तक.) (यो./परि.) श्री बी. साईराम (बायें) एवं कार्यशाला में उपस्थित अधिकारीगण (दायें)

दिनांक 22 फरवरी को सीसीएल मुख्यालय, राँची में खान सुरक्षा महानिदेशालय एवं सीसीएल के संयुक्त तत्वावधान में 'ईलेक्ट्रीकल सेफ्टी इन माईन्स' पर दो दिवसीय (22 एवं 23 फरवरी, 2023) कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत शटडाउन प्रोसेज्योर एंड इम्पलीमेंटेशन ऑफ लोटो फॉर इलेक्ट्रीशियन एंड इलेक्ट्रीकल सुपरवाईजर्स (Shutdown Procedures and Implementation of Loto for Electrician and Electrical Supervisors) पर विस्तार से चर्चा किया गया। इस अवसर पर सीसीएल के निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना), श्री बी. साईराम एवं डीजीएमएस की ओर से डीडीएमएस (इलेक्ट्रीकल), श्री विनित चौरसिया सहित विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना), श्री बी. साईराम ने अपने संबोधन में खान सुरक्षा के संदर्भ में कहा कि बदलते परिवेश में नवीनतम तकनीक को अपनाना वर्तमान समय की जरूरत है। उन्होंने कहा कि खदान सुरक्षा सर्वोपरि है और सीसीएल सुरक्षा निर्देशों का निरंतर पालन कर रहा है। उन्होंने Shutdown Procedures and Implementation of Loto for Electrician and Electrical Supervisors पर विस्तार से चर्चा किया।

डीडीएमएस (इलेक्ट्रीकल), श्री विनित चौरसिया ने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से प्रतिभागियों को अत्यंत सरल एवं रोचक ढंग से विषय वस्तू से संबंधित सावधानियों से अवगत कराया।

इससे पूर्व महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं बचाव) श्री आर.के. सिन्हा ने उपस्थित सभी का स्वागत करते हुये कहा कि सीसीएल सदैव ही उत्पादन में प्रथम एवं सुरक्षा में सर्वप्रथम के मंत्र के साथ आगे बढ़ रहा है।

कार्यक्रम का आयोजन महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं बचाव), श्री राजीव कुमार सिन्हा एवं उनकी टीम, मुख्य प्रबंधक (ई एण्ड एम), सेफ्टी, श्री रमेश कुमार की सक्रिय योगदान से किया जा रहा है।

# सीसीएल जन आरोग्य केन्द्र द्वारा निःशुल्क ग्रामीण स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

दिनांक 28 फरवरी को राँची के चौड़ी बस्ती में सीसीएल द्वारा एक 'ग्रामीण स्वास्थ्य शिविर' का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि इस शिविर में 146 ग्रामीणों के हाइपरटेंशन तथा डायबिटिज की निःशुल्क जांच की गई।

ज्ञातव्य हो कि सीसीएल सीएमडी श्री पी. एम. प्रसाद के कुशल निर्देशन में अपने हितधारकों के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के निदान हेतु समय-समय पर ऐसे शिविरों का आयोजन करती रहती है।

इस अवसर पर डॉ. सुमन सिंह, डॉ. अरूणा हेंब्रोम, डॉ. मयूरी भट्टाचार्य, डॉ. अनिता होरो, डॉ रंजू मेहता सहित गांधीनगर अस्पताल के अन्य चिकित्सक एवं पारा मेडिकल स्टाफ उपस्थित थे।




ग्रामीण स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित सीसीएल के चिकित्सकगण एवं पारामेडिकल स्टाफ

# 'वन एवं वन्य जीव संरक्षण' के लिए सीसीएल ने किया समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड 'सतत एवं धारणीय' विकास तथा 'वन एवं वन्य जीव' संरक्षण के दिशा में आगे बढ़ते हुए विगत 24 फरवरी को दो समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। दोनों समझौते सीसीएल ने क्रमशः होप एंड एनिमल ट्रस्ट एवं आयुष्मति एजुकेशन एंड सोशल सोसायटी के साथ किया।

प्रथम समझौता ज्ञापन में घायल जानवरों के बचाव एवं उपचार के लिए 24×7 एंबुलेंस की व्यवस्था की जाएगी । इसके अतिरिक्त भी घायल जानवरों के पुनर्वास तथा लोगों के बीच ' रेबीज रोग' से बचाव संबंधित जागरूकता फैलाई जाएगी। इस पूरे अभियान में सीसीएल द्वारा निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत 37.44 लाख व्यय किया जाएगा।



समझौता ज्ञापन का एक दृश्य

दूसरे समझौता ज्ञापन में सीसीएल द्वारा संचालन क्षेत्र में 51 लाख रुपए की लागत से रुग्ण वृक्षों के उपचार के लिए ट्री एंबुलेंस की शुरुआत की जाएगी।

सीसीएल न सिर्फ कोयला का उत्पादन कर देश की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति करता है बल्कि प्रकृति को बचाने एवं पारिस्थितिक तंत्र को संतुलित रखने की दिशा में भी हमेशा प्रयासरत है।

# जेएसएसपीएस के छः प्रशिक्षुओं का राष्ट्रीय महिला अंडर–17 फुटबॉल टीम में चयन

जेएसएसपीएस ने एक बार फिर राष्ट्रीय खेल परिदृश्य में अपना नाम अंकित करते हुए झारखंड वासियों के लिए खुशखबरी दी है। जेएसएसपीएस के 6 नवोदित प्रशिक्षुओं का राष्ट्रीय महिला अंडर–17 फुटबॉल टीम के लिए चयन हुआ है। इनमें अनिषा उरांव, निशिमा कुमारी, बबीता कुमारी, ललिता बोयपाई, संजना उरांव और संगीता कुमारी शामिल है। अब यह सभी खिलाड़ी भारतीय राष्ट्रीय फुटबॉल टीम की जर्सी में नजर आयेंगी तथा विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएसपीएस) सीसीएल और झारखंड राज्य सरकार की संयुक्त पहल है। इसके अंतर्गत राज्य भर से प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन कर विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण दिया जाता है। खेलगांव स्थित इस संस्था द्वारा निःशुल्क आवासीय सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। गौरतलब हो कि जेएसएसपीएस के खिलाड़ियों ने सैकड़ों राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पदक जीत कर राज्य और देश को गौरवान्वित किया है। सीसीएल अपने निगमित सामाजिक दायित्व के अंतर्गत सामाजिक उन्नयन के लिए अनेक कार्यक्रमों का संचालन करता है जिससे समाज का उत्थान एवं सर्वांगीण विकास हो।



जेएसएसपीएस के चयनित महिला कैडेट्स

# सीसीएल में सेवानिवृत कर्मियों की भावभीनी विदाई




विदाई–सह–सम्मान समारोह का एक दृश्य

सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत 7 (सात) कर्मियों – सर्वश्री/श्रीमती सुचन्द्रा गोस्वामी, ओएस (ए1), मो. अख्तर हुसैन, ओएस (ए1), सुधीर कुमार रजक, ओएस (ए1), तरूण तेत्रु तिर्की, ओएस (ए), भवानी उरॉव, सहायक फोरमैन, कुंवर राम, सहायक सुपरवाइजर (ट्रांसपोर्ट), श्री दिलीप कुमार घोष, रसोईया को विगत 28 फरवरी को सीसीएल परिवार की ओर से मुख्यालय में "सम्मान समारोह" का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई। फरवरी माह में मुख्यालय सहित पूरे सीसीएल से 113 कर्मी सेवा निवृत्त हुए जिन्हें आज ससम्मान भावभीनी विदाई दी गई।

इस अवसर पर सेवानिवृत कर्मियों द्वारा अपने–अपने कार्यानुभवों पर आधारित व्यक्त किए गए विचारों को एक शॉर्ट फिल्म (विडियो क्लिप) बनाकर 'सम्मान समारोह' के दौरान प्रदर्शित किया गया। सेवानिवृत कर्मियों ने कंपनी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि वे कंपनी निरंतर नयी उंचाईयों को छू रही है और हम इसके उत्तरोत्तर विकास की कामना करते हैं।

निदेशक (कार्मिक), श्री हर्ष नाथ मिश्र ने समारोह के मुख्य आकर्षण सेवानिवृत कर्मियों को स्वागत करते हुए कहा कि आपकी उत्कृष्ट कार्यक्षमता एवं दृढ़ विश्वास से आज कंपनी ने वह मुकाम हासिल किया जो अभूतपूर्व है। उन्होंने सेवानिवृत कर्मियों के योगदान की प्रशंसा करते हुए आगे फिर कहा कि आप सभी अपने कार्यकाल में जहां भी पदस्थापित रहें वहां अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दिया, इसके लिए हम आभारी हैं। आप लोगों ने अपने व्यवसायिक एवं व्यक्तिगत जीवन में संतुलन कायम रखते हुए कर्त्तव्यों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया यह भी हम सभी के लिए अनुकरणीय है। श्री मिश्र ने सभी सेवानिवृत हो रहे कर्मियों के जीवन के दूसरी पारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ्य जीवन की कामना की।

इस अवसर पर सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं सेवानिवृत कर्मियों के परिवारजन उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में कल्याण विभाग के मुख्य प्रबंधक श्रीमती केया मुखर्जी तथा उनकी टीम का विशेष योगदान रहा। मंच का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन भी श्रीमती मुखर्जी ने किया।

# सोशल मीडिया में सीसीएल

**Central Coalfields Limited** @CCLRanchi

The two-day workshop on Electrical safety in mines concludes at CCL. Sri B.Sairam,Dir (P&P), Sri Vinit Chaurasia, DDMS (Elect) and a large number of supervisors and electricians attended the workshop.Discussions were held on shutdown procedures and implementation of LOTO in mines



**Central Coalfields Limited** @CCLRanchi

@CCLRanchi we are committed to fulfilling the energy demands of the nation.

A fuel supply agreement was signed with NTPC for the supply of 8.5MT Coal to North Karnanpura Super Thermal Power Plant which will help ensure uninterrupted power supply for the stakeholders




**Central Coalfields Limited** @CCLRanchi

One small step for CCL, a giant leap for Coal Indians.

CCL wears the coveted crown of being the 1st company in CIL to hire Coal Transportation Service contract through GEM portal. Transportation from Urimari to Saunda siding will be done under this contract. Congratulations!!




**Central Coalfields Limited** @CCLRanchi

Saving Wildlife, Conserving Nature

CCL signed 2 MoUs of Rs 37 Lakhs and 51 Lakhs respectively for purchase of a 24*7 animal ambulance cum emergency response vehicle for rescue of injured animals and treatment of infected trees the with help of a tree ambulance.#CclCsrInitiative




सम्पादक : अनुपम कुमार राणा, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क), जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : मयंक कश्यप, उप प्रबंधक (सीडी), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित। (आंतरिक वितरण हेतु)